Headline: NSE organaised investor fair	
Source: Dainik Bhaskar	**Date:** 15 July 2017

मेले का आयोजन

रांची। नैशनल स्टाक एक्सचेंज आफ इंडिया लिमिटेड ने आज चाणक्य बीएनआर होटल रांची में एक 'निवेशक मेले' का आयोजन किया ए ताकि शहर के उद्यमियों, निवेशकों और छात्रों के बीच इक्विटी के प्रति जागरूकता बढाई जा सके। एनएसई निवेशक मेला तीन व्यापक विषयों पर केंद्रित रहा जिसमें एनएसई के एसएमई मंच 'एनएसई इमर्ज' के जरिए धन जुटाने के फायदों, वित्तीय क्षेत्र में छात्रों के लिए करियर विकल्प और निवेशकों के लिए शेयर बाजार में निवेश के मौकों को उजागर किया गया। एसएमई सत्र में भारी संख्या में झारखंड के उद्यमियों ने हिस्सा लिया और इसे फेडरेशन आफ झारखंड चेंबर आफ कामर्स, झारखंड स्माल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, सीआईआई की रांची इकाई के साथ साथ सिडबी ने भी समर्थन प्रदान किया जो पिछले कुछ वर्शों से छोटे और मध्यम उपक्रमों एसएमई के लिए प्रमुख वित्तपोषक रहा है। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. आर के पांडेय ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि वित्तीय साक्षरता प्रमुख जीवन कौशल है जो गणित और भाषा की तरह महत्वपूर्ण है।